# घटती संवृद्धि एवं जमाकर्त्ताओं को आकर्षित करने हेतु बैंक की रणनीतियाँ

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

जमा वृद्धि में मंदी **और पूंजी बाज़ारों से बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा** के बीच भारत में बैंकिंग क्षेत्र द्वारा जमाकर्त्ताओं को आकर्षित करने तथा ऋण मांगों को पूरा करने के लिये विशेष रणनीतियाँ बनाई गई हैं।

- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) जैसे प्रमुख बैंकों ने जमाराशि में गिरावट दर्ज़ की है, SBI के **चालू खाता और बचत खाता (CASA)** जमाराशि 19.14 लाख करोड़ रुपए से घटकर 19.41 लाख करोड़ रुपए हो गई तथा कुल जमाराशि 49.16 लाख करोड़ रुपए से घटकर 49.01 लाख करोड़ रुपए हो गई।
    - **ऋण वृद्धि में 15.1% की वृद्धि हुई, जबकि जमा वृद्धि घटकर 10.6% रह गई,** जो एक महत्त्वपूर्ण अंतर को उजागर करता है।
- ग्राहक बेहतर रिटर्न के लिये **बैंक जमा की तुलना में पूंजी बाज़ार का विकल्प चुन रहे हैं,** जिसके कारण पारंपरिक जमा वृद्धि में गिरावट आ रही है।
- घटती जमाराशि को नियंत्रित करने के लिये SBI और बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे बैंकों ने प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों (जैसे, 444 दिनों के लिये 7.25%) की पेशकश करते हुए विशेष जमा योजनाएँ शुरू कीं।
    - ये योजनाएँ ऐसे **जमाकर्त्ताओं को आकर्षित करने के लिये तैयार की गई हैं जो कम ब्याज दर पर अधिक रिटर्न चाहते हैं।**
- बैंक **वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं जैसे विशिष्ट वर्गों** को लक्षित कर रहे हैं तथा जमाराशि को प्रभावी ढंग से जुटाने के लिये आकर्षक दरें व अतिरिक्त सुविधाएँ प्रदान कर रहे हैं।
- वित्त मंत्री ने केवल बड़ी रकम पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय छोटी जमाराशियों को जुटाने के महत्त्व पर ज़ोर दिया।

**और पढ़ें:** RBI द्वारा जमा चुनौतियों पर हिदायत तथा HFC के लिये तरलता संबंधी नियमों में सख्ती

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bank-strategies-to-attract-depositors-amid-declining-growth